




# नारी शक्ति की अद्भुत मिसाल

**▸ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का ऐतिहासिक समापन**

**उन्हेल।** मनकामेश्वर महादेव महिला मंडल एवं सर्व महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नारी शक्ति, संगठन क्षमता और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा। कथा विश्राम के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में माता–बहनों, श्रद्धालुओं, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

इस दिव्य आयोजन की सबसे प्रेरणादायक विशेषता यह रही कि इसका संपूर्ण संचालन, व्यवस्था और सफल क्रियान्वयन नगर की मातृशक्ति के दृढ़ संकल्प, अथक परिश्रम और अटूट श्रद्धा से संभव हुआ। खेत–खलिहानों में श्रम करने वाली, परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करने वाली और सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि जब नारी ठान लेती है, तो वह असंभव को भी संभव बना सकती है। इन माताओं–बहनों ने तन–मन–धन से सेवा करते हुए न केवल कथा आयोजन को सफल बनाया, बल्कि पूरे समाज को एकता, सेवा और आस्था का अमूल्य संदेश भी दिया। यह आयोजन इस सत्य का प्रमाण बन गया कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और संस्कृति की सशक्त संरक्षक भी है।

इस पावन आयोजन के मुख्य जजमान बालाराम बंबोरिया परिवार रहे, जिनके श्रद्धाभाव, समर्पण और सक्रिय सहयोग से कथा को विशेष गरिमा प्राप्त हुई। उनके परिवार द्वारा सातों दिवसों में पूर्ण समर्पण भाव से सहयोग प्रदान किया गया। जिसकी उपस्थित श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।

कथा के अंतिम दिवस श्रीकृष्ण–सुदामा मिलन प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शोभायात्रा में श्रीकृष्ण–रुक्मणी का स्वरूप धारण किए बहन पूनम जोशी एवं बहन कीर्ति विश्वास विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। जिनकी प्रस्तुति ने भक्तिमय वातावरण को और अधिक दिव्यता प्रदान की। कथा विश्राम पर सर्व महिला मंडल की ओर से पं. हरिओम पाराशर को अंग वस्त्र और शाल श्रीफल देकर सर्व महिला मंडल की ओर से मुख्य जजमान परिवार द्वारा सम्मान किया गया।

**नगर के अनेक समाजसेवियों और दानदाताओं का भी सराहनीय योगदान**

आयोजन को सफल बनाने में सर्व महिला मंडल की माताओं–बहनों के साथ–साथ नगर के अनेक समाजसेवियों और दानदाताओं का भी सराहनीय योगदान रहा। प्रमुख सहयोगकर्ताओं में एस एंड एस कंपनी के सचिन पाटनी, सतीश मारू, द्वारकाधीश सोनी, गंगाराम राठौर, बालू खींची, विकास जायसवाल मित्र मंडल, शर्मिला बुआ जागीरदार, अनीता ठाकुर, डॉ. जितेंद्र परमार, रिटायर्ड फौजी दिनेश सांखला, रमेश बंबोरिया, शिव नारायण बंबोरिया, रामचंद्र लाइनमैन, भागीरथ राठौर, कन्हैयालाल राठौर, पवन सांखला, आकाश वर्मा, ईश्वर नांदेडा, संगीता गायकवाड, शांतिलाल हल्कारा, राजकुमार जैन, मंगेश वर्मा, संजय गहलोत, राहुल सोनी, योगेश सोनी, नितेश जैन, डॉ. राकेश पांचाल, लोकेंद्र ट्रेलर, टीकम सिंह देवड़ा, गोविंद चरित्र, ओमप्रकाश जैन, नंदकिशोर नांदेडा सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग रहा।

# स्कूल में हुआ नन्हें विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन समारोह

**▸ नृत्य प्रस्तुतियों ने मोहा मन और आर्ट प्रदर्शनी रही खास**

**उज्जैन। सेंट पॉल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में के.जी.–2 के विद्यार्थियों का ग्रेजुएशन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हें बच्चों के प्रार्थना नृत्य और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।**

इस गरिमामय समारोह में साक्षरता मिशन (जिला शिक्षा केन्द्र, उज्जैन) के समन्वयक संजय शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदिरा नगर के प्राचार्य विवेक तिवारी, उज्जैन डायसिस के शिक्षा सचिव फादर जॉर्ज थोप्पिल, विद्यालय के मैनेजर फादर जैकब निरुप्पल, प्राचार्या सिस्टर विनीता, उप्राचार्या सिस्टर कार्मला और प्री–प्राइमरी की प्रभारी सिस्टर सौम्या ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को गति दी।



समारोह में छोटे बच्चों ने अपनी मधुर आवाज में स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर विनीता ने स्वागत भाषण देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों के जीवन व पालन–पोषण में दादा–दादी की अहम भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा केजी–2 के विद्यार्थियों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने पर उपाधि (डिग्री) प्रदान की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय शर्मा तथा मुख्य अतिथि विवेक तिवारी ने बच्चों को आशीर्वचन दिए और जीवन में निरंतर परिश्रम व अनुशासन का संदेश दिया। फादर जॉर्ज थोप्पिल ने अभिभावकों को संबोधित किया। समारोह में बच्चों द्वारा सीजन डांस और ग्रेटीट्यूड डांस प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा दादा–दादी के साथ बच्चों की विशेष नृत्य प्रस्तुति आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। पूरे कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और उनके संस्कारों की स्पष्ट झलक दिखाई दी, जिसे उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा।

इससे पूर्व प्रात: काल विद्यालय में एक भव्य आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन महिला बाल विकास बालभवन के चित्रकला अनुदेशक अनिल देवलासे ने किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट एवं रचनात्मक पेंटिंग्स और वस्तुएं प्रदर्शित की गईं, जिनकी सभी अतिथियों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की। अंत में पुरस्कार वितरण, धन्यवाद ज्ञापन और विद्यालय गान के साथ इस भव्य समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों की भारी और उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। जानकारी विद्यालय के खेल प्रशिक्षक ज्वलंत शर्मा ने दी।

## ओपन सोर्स एआई बाजार को बढ़ावा देने की प्रमुख कुंजी

इंदौर. लिनक्स फाउंडेशन, जो ओपन सोर्स के माध्यम से बड़े पैमाने पर इनोवेशन को सक्षम बनाने वाली गैर–लाभकारी संस्था है, ने मेटा के साथ साझेदारी में आज एक नई रिपोर्ट जारी की है. यह रिपोर्ट भारत में एआई को अपनाने और देश के लिए तकनीक द्वारा प्रस्तुत आर्थिक व सामाजिक अवसरों की जांच करती है. इस रिपोर्टमें दिखाया गया है कि 76% भारतीय स्टार्टअप्स ओपन सोर्स एआई का उपयोग कर रहे हैं, जिससे कम लागत में इनोवेशन और अनुकूलन संभव हो रहा है. लिनक्स फाउंडेशन की रिसर्च और कम्युनिकेशंस की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हिलेरी कार्टर ने कहा भारत ओपन सोर्स का उपयोग करके एआई क्रांति में अपनी खुद की राह तय कर रहा है. यह रिपोर्ट न केवल भारत के एआई अवसरों के पैमाने को दिखाती है, बल्कि यह भी बताती है कि देश लंबे समय तक सफलता के लिए अच्छी स्थिति में क्यों है– इसका श्रेय इसके टैलेंट बेस, स्टार्टअप इकोसिस्टम और ओपन इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता को जाता है.

# तेज़ बारिश व हवाओं ने फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाया

**घट्टिया।** बुधवार रात्रि में जगोटी सहित क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों में तेज हवाओं के साथ एक घंटे से अधिक समय तक हुई बारिश ने किसानों के खेतों में कटने के लिए तैयार गेंहू व अन्य फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचाया है जगोटी, ताजपुर, बरखेड़ी, महूडी, हिंगोनिया, खुरचनिया, मालीखेडी, कीटिया, बरखेड़ा, मैलानिया, जेल्याखेडी, बैलाखेडा, रामसरा के किसानों ने तेज बारिश व हवाओं के चलते फसलों को नुकसान होने की पुष्टि करते हुए बताया कि इस बार सोयाबीन की फसलें भी ख़राब हुई थी व इस बार गेंहू व अन्य फसलों को असमय की बारिश ने काफ़ी नुक़सान पहुंचाया है।



ग्राम महूडीपुरा में व अन्य जगहों पर बारिश के साथ ओलावृष्टि के भी समाचार है। किसान रणछोड़ पटेल, रजनीश तिवारी, मनोहर पांचाल, मुकेश मुकाती महूडी, किशनसिंह पटेल हिंगोनिया, मुकेश शर्मा महूडीपुरा, यशवंत डाबी बरखेड़ी, डूंगरसिंह पटेल, जीवन सिंह खुरचनिया प्रताप ने मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन से प्राकृतिक आपदा के चलते फसलों को व्यापक नुकसान का तत्काल सर्वे कर प्रभावित किसानों को राहत देने की पुरजोर मांग की है। बजट सत्र को लेकर भोपाल में मौजूद विधायक दिनेश जैन बोस ने प्रभारी मंत्री व कृषि मंत्री को महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में बारिश से हुए फसलों के व्यापक क्षति को लेकर तुरंत हस्तक्षेप का आग्रह किया है।

**आंधी व बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त, फसलों को भारी नुकसान**

**घट्टिया।** विगत दिनों की राहत के बाद बुधवार रात को अचानक आसमान में काले बादल छाए व तेज हवा व आंधी के साथ बारिश हुई। अचानक आई आंधी व बारिश से कई घरों के चद्दर उड़ गए, जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। वहीं घट्टिया, डाबरी, जलवा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों में खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं व चने की फसल आड़ी पड़ गई जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। कृषि विस्तार अधिकारी रजनी गुजराती व किसान संघ जिला जैविक प्रमुख राधेश्याम बैरागी के साथ खेतों का निरीक्षण कर शासन को रिपोर्ट भेजने की बात कही।

## एक नजर में

### महाविद्यालय में राष्ट्रीय वेबिनार पुस्तक का विमोचन



**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय घट्टिया जिला में राष्ट्रीय वेबिनार चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन महाविद्यालय की प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ एचएल अनिजवाल को वेबीनार पुस्तक की प्रति भेंट की गई। पुस्तक के संपादक महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद व सह–संपादक डॉ. सुनील गुजराती को महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थियों ने बधाई दी।

### जेईई मेन्स में स्टेनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल का दबदबा, यशवंत चौहान ने 99.5 प्रतिशत हासिल कर बढ़ाया मान

**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित स्टेनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्कूल के मेधावी छात्र यशवंत चौहान ने 99.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर असाधारण सफलता प्राप्त की है। वहीं, अनिरुद्ध सिंह राजपूत ने 99.1 प्रतिशत और अनिरुद्ध नेमा ने 98.3 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. कात्यायन मिश्र और डॉ. जया मिश्रा ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के समर्पित प्रयासों और विद्यालय के सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। प्रिंसिपल साधना वालिया ने इसे विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण बताया, जबकि वाइस प्रिंसिपल विकास जोशी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि छात्रों की सफलता में उनके अथक परिश्रम, लक्ष्य के प्रति समर्पण और अभिभावकों व शिक्षकों के सही मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### क्यूरेटेड सेलेक्शन ने वेलेंटाइन डे शॉपिंग को यादगार बनाया

**इंदौर.** अमेजन इंडिया ने बताया है कि इस वेलेंटाइन डे से पहले ग्राहकों ने क्यूरेटेड सेलेक्शन, एआई–पावर्ड डिस्कवरी टूल्स और अल्ट्रा–फास्ट डिलिवरी का उपयोग करके प्रीमियम और पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स खरीदे. ग्राहकों ने चॉकलेट्स, ताजे फूल, फ्रैगेंस, ज्वेलरी, ब्यूटी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट कार्ड्स जैसी विभिन्न श्रेणियों में खरीदारी की, जो कि व्यापक सिलेक्शन और तेज़ डिलिवरी विकल्पों से संभव हुआ. अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष, सौरभ श्रीवास्तव ने कहा इस वेलेंटाइन डे पर, हमने चॉकलेट्स, ताजे फूल, फ्रैगेंस, ज्वेलरी, ब्यूटी, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और गिफ्ट कार्ड्स जैसी श्रेणियों में प्रीमियम और क्यूरेटेड गिफ्टिंग विकल्पों में शानदार वृद्धि देखी.

### कैडिला ने इंद्रवदन मोदी की 100वीं जयंती मनाई

**इंदौर.** कैडिला फार्मास्यूटिकल्स कंपनी ने अपने फाउंडर चेयरमैन इंद्रवदन मोदी की 100वीं जयंती मनाई. श्री मोदी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे और उन्हें भारतीय फार्मेसी का जनक माना जाता है. ऐसे समय में, जब भारत का फार्मास्यूटिकल इकोसिस्टम शुरुआती दौर में था और काफी हद तक आयात पर निर्भर था, तब श्री इंद्रवदन मोदी ने देश में एक आत्मनिर्भर हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर की तत्काल आवश्यकता को पहले ही समझ लिया था. मजबूत विश्वास और राष्ट्रीय उद्देश्य की गहरी भावना के साथ, उन्होंने कैडिला फार्मास्यूटिकल्स की नींव रखी. यह मज़बूत आधार, इस विश्वास से प्रेरित था कि, बहतरीन क्वालिटी की दवाएं हर भारतीय को सस्ती और आसानी से मिलनी चाहिए. इस अवसर पर डॉ. राजीव मोदी ने कहा कि मेरे पिताजी का दृढ़ विश्वास था कि, दवाइयां सिर्फ एक उत्पाद नहीं हैं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी हैं. उन्होंने जब कैडिला शुरू की थी, उस समय भारत में एक मज़बूत फार्मास्यूटिकल आधार की कमी थी.

# सहकारी संस्थाओं की मजबूती के लिए 40 प्रतिशत राशि फिक्स डिपॉज़िट रखें : के. पाटनकर

**▸ उज्जैन में नागरिक एवं साख सहकारी संस्थाओं का दो दिवसीय कौशल उन्नयन व नेतृत्व विकास प्रशिक्षण शुरू**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल और ज़िला सहकारी संघ मर्यादित उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में उज्जैन ज़िले की नागरिक सहकारी बैंक और साख सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष, संचालक, प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का विधिवत स्वागत सहायक आयुक्त एवं संघ के प्रशासक संजय कौशल ने किया।



संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने अपने स्वागत भाषण में सहकारिता का अर्थ समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मनुष्य के शरीर के अंग एक–दूसरे के साथ मिलकर काम करते हैं, वही सहकारिता है। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि जिस तरह संस्था प्रमुख भगवान के ध्यान में प्रतिदिन 10 मिनट बैठते हैं, उसी तरह उन्हें रोज़ 10 मिनट अपनी संस्था के हित, उन्नति और विकास के बारे में भी सोचना चाहिए, ताकि सदस्यों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सहकारिता उपायुक्त के. पाटनकर ने वित्तीय प्रबंधन पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि संस्थाओं को अपनी जमा पूंजी में से अधिकतम 60 प्रतिशत तक ही ऋण वितरण करना चाहिए, जबकि 40 प्रतिशत राशि फिक्स डिपॉज़िट में रखनी चाहिए। इससे किसी भी विपरीत आर्थिक परिस्थिति में संस्था मजबूत स्थिति में बनी रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्थाओं को अपने बचत खाते और एफडी ज़िला सहकारी केन्द्रीय बैंक या अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक में ही रखनी चाहिए। इससे सहकारिता के माध्यम से परोपकार के कार्य होंगे और सदस्यों का विश्वास अर्जित किया जा सकेगा। समारोह में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित (इंदौर) के सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य दिलीप एरमट ने कहा कि प्रशिक्षण से हमें नए तरीक़े से कार्य करने का अवसर मिलता है, जिससे संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आती है।

# माधव कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आगाज


**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन अभ्युदय आनंदम् का भव्य उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अभ्युदय आनंदम् आपके व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से इसमें अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आव्हान किया। साथ ही, यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित योग करने की सलाह दी।

कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. वंदना गुप्ता ने कहा कि यह स्नेह सम्मेलन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**

समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। हिना वासेन ने वंदे मातरम् गीत पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिवाजी जयंती के अवसर पर छात्र विनीत मुकाती ने छत्रपति शिवाजी का रूप धारण कर ओजस्वी प्रस्तुति दी। छात्रा करिश्मा ने क्रीड़ा अधिकारी नवीन कोरट के मार्गदर्शन में आकर्षक श्दीप योगश् का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, कैप्टन मोहन निमोले के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स और डॉ. नीरज सारवान के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए मार्च पास्ट किया।

# बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए आईवीएफ और एम्ब्रियो सलेक्शन से कराया बच्ची का जन्म




**इंदौर.** नोवा आईवी एफ इंदौर के फर्टिलिटी एक्सपर्ट्स ने मेडिकल इतिहास में एक प्रेरक और दुर्लभ उपलब्धि हासिल की है. उन्होंने आई.वी.एफ और एम्ब्रियो सिलेक्शन द्वारा एक बच्ची का जन्म कराया, ताकि उसकी बहन को बोनमैरो ट्रांसप्लांट द्वारा थैलेसेमिया से बचाया जा सके.

कायरा को जन्म से ही थैलेसेमिया मेजर था. यह खून का एक जेनेटिक विकार होता है, जिसके लिए आजीवन बार–बार खून बदलने की जरूरत पड़ती है. लेकिन बोन मैरो ट्रांसप्लांट की मदद से थैलेसेमिया को ठीक किया जा सकता है. इसके लिए नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी, इंदौर के विशेषज्ञों ने उसकी छोटी बहन युविका का जन्म कराया. सेवियर सिबलिंग वह स्वस्थ बच्चा होता है, जिसे आईवीएफ और जेनेटिक जांच की मदद से इस तरह जन्म दिया जाता है कि वह अपने बीमार भाई या बहन के इलाज में मदद कर सके. इन दोनों बच्चियों, कायरा और युविका के माता–पिता मनीष पटेल और स्नेहा पटेल हैं. कायरा की उम्र आठ साल है. क्लिनिकल डायरेक्टर एवं फर्टिलिटी विशेषज्ञ, डॉ. कल्याणी श्रीमाली ने कहा मनीष और स्नेहा पटेल हमारे पास कोविड महामारी के समय आए थे. हमें ऐसा एम्ब्रियो पहचानने में लगभग दो साल लगे, जिसे थैलेसेमिया मेजर नहीं था और जो उनकी बेटी के एच.एल.ए के साथ मैच था. इस केस से साबित होता है कि आईवीएफ से इन्फर्टिलिटी का ही इलाज नहीं मिलता, बल्कि इससे जेनेटिकबीमारियों को रोकने में भी मदद मिलती है, और बच्चों की जेनेटिक बीमारियों का इलाज भी मिल सकता है।

**एक नजर** ▸ **बच्चों ने किया लाठी–तलवारबाजी का हैरतअंगेज प्रदर्शन**

# जय भवानी–जय शिवाजी, के उद्घोष के साथ निकली रैली

**उज्जैन।** श्री छत्रपति शिवाजी उद्यान समिति (बसंत विहार) के तत्वावधान व बसंत विहार सांस्कृतिक मंच एवं श्री हनुमान भक्त मंडल के मार्गदर्शन में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। बसंत विहार ए–सेक्टर स्थित श्री छत्रपति शिवाजी उद्यान में आयोजित इस गरिमामय समारोह में शिवाजी महाराज के साहस, सुशासन और विरासत को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया।

बसंत विहार सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में सुबह 10 बजे प्रतिमा को फूलों से सजाकर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व आरती की गई। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर एक नेक संदेश भी दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि व मराठा समाज के अध्यक्ष श्री अनिल धर्मे ने अपने उद्बोधन में शिवाजी महाराज के जीवन और उनके संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच के सहसचिव नरेन्द्र कुमार चौरसिया ने बताया कि यह दिन मराठा गौरव, वीरता एवं एकता का प्रतीक है, जो युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है।




**रैली व शौर्य प्रदर्शन ने मोहा मन**

शिवाजी उद्यान में बच्चों द्वारा निकाली गई रैली आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। देवी अवंतिका सामाजिक कल्याण समिति की अध्यक्ष करुणा शितोले के मार्गदर्शन में बच्चों की टीम ने शानदार लाठी कौशल और तलवारबाजी का प्रदर्शन किया। उपस्थित नागरिकों, महिलाओं और बच्चों ने जय भवानी–जय शिवाजी, हर हर महादेव, शिवाजी महाराज अमर रहें और हमारा राजा कैसा हो–शिवाजी महाराज जैसा हो के गगनभेदी नारे लगाकर पूरे वातावरण को उत्साह से भर दिया। स्वराज्य और स्वतंत्रता संग्राम के ये नारे भारत की संप्रभुता के प्रतीक के रूप में गूंजते रहे।

समारोह में संगीत सूर्य केशव राव भोसले संस्कृत परिषद की ओर से मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजश्री जोशी एवं सचिव डॉ. नेत्रा रावणकर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश पाटीदार, अरुण होशे, विनोद उपाध्याय, राहुल पाटीदार, तरुण उपाध्याय व गोपाल कृष्ण निगम विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में